तेरी ज्योति में वो जादू है | By Mueksh Bagda

तेरी ज्योति में वो जादू है
तक़दीर बना देती है
जगमग जलती जब ज्योत तेरी
अन्धकार मिटा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है ....

तेरी ज्योति है माँ पावन
इससे दुनिया है माँ रोशन
लागे सबको ही मनभावन
मैया सारे अँधेरे मिटाती
जहाँ पे ज्योति जलती है
वहां पे खुशियां मिलती है
सबकी भक्ति फलती है
बिगड़े काम बनाती ये सारे
खुशियों का सवेरा जीवन में
तेरी ज्योत करा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है
तक़दीर बना देती है
जगमग जलती जब ज्योत तेरी
अन्धकार मिटा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है ....

तेरी ज्योत निराली है
खुशियां देने वाली है
दामन भरने वाली है
मैया पल में कमाल दिखाए
देवता गीत तेरे गाये
जगती चौखट पे आये
तेरी कृपा माँ पाए
तू ही सबको निहाल कराये
खाली दामन हम भक्तों का
तेरी ज्योत भरा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है
तक़दीर बना देती है
जगमग जलती जब ज्योत तेरी
अन्धकार मिटा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है ....

तेरा हर्ष भी ये चाहे
तेरे दर पे वो आये
तेरी कृपा माँ पाए
तेरे चरणों में झुक जाऊं
तेरी ज्योत जला के माँ
तेरी रात जगा के माँ
तेरी महिमा गा के माँ
मैं भी जीवन धन्य बनाऊं
मुझ जैसे भटके को रस्ता

तेरी ज्योति दिखा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है
तक़दीर बना देती है
जगमग जलती जब ज्योत तेरी
अन्धकार मिटा देती है
तेरी ज्योति में वो जादू है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-2/